>

Title: Need to allot the Houses under 'House Lease Scheme' to the employees of Bhilai Steel Plant in Bhilai, Chhattisgarh.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में सेल का एक सार्वजनिक उपक्रम, भिलाई इस्पात संयंत्र स्थापित है। इस उपक्रम में पिछले वर्षों के दौरान "हाऊस लीज स्कीम" की योजना लागू की गई थी, जिसमें लीज के आधार पर संयंत्र के कर्मचारियों को टाउनशिप के आवास आवंटित किए गए थे। यह योजना छह चरणों में पूर्ण होगी थी एवं उसके पांच चरण सन् 2008 तक पूर्ण किए जा चुके थे। छठवां और अंतिम चरण उसके बाद लागू होना था परन्तु यह चरण आज दिनांक तक लंबित है जबकि तत्कालीन केन्द्रीय इस्पात मंत्री द्वारा फरवरी 2008 में ही उसके लागू होने की घोषणा की गई थी परन्तु उसके बाद भी आज तक इस दिशा में इस सार्वजनिक इकाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

यह योजना स्थानीय जनता एवं संयंत्र कर्मियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि सैकड़ों ऐसे परिवार, जो किसी न किसी कारण से पहले के चरणों में आवास लीज पर नहीं ले सके थे, इसके छठवें चरण के लागू होने का इंतजार पिछले तीन वर्षों से कर रहे हैं। यह ज्यादातर वह संयंत्रकर्मी और उनके परिवार है जिन्होंने सारा जीवन इस संयंत्र को अपनी सेवाएं दी हैं।

अतः यह उचित होगा कि पूर्व घोषित योजना के अनुसार इसके अंतिम चरण को भी शीघ्रातिशीघ्र लागू किया जाए ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके।